आवक क्र. 1431 \ परिशिष्ट [13/3/2025]

प्रश्न सं. [क्र. 1431]

कार्यालय कलेक्टर जिला धार (म0प्र0)

क्रमांक/13956/राज.अभि./2016 धार दिनांक 05/12/16

प्रति,

तहसीलदार,
बदनावर, सरदारपुर, डही,
मनावर, गंधवानी, धरमपुरी,
जिला-धार।

विषयः- मिसल बंदोवस्त के रिकार्ड में अंकित शासकीय भूमि का वर्तमान रिकार्ड के 12 नंबर कॉलम में प्रविष्टि के संबंध में।

संदर्भः- 1.आयुक्त इन्दौर संभाग इन्दौर के पत्र क्रमांक 160/4/राज./2016 इन्दौर, दिनांक 03.03.2016.
2.कार्यालयीन पत्र कमांक 4679-80/रे.रे./2016 धार दिनांक 06.04.2016 एवं कार्यालयीन आदेश क्रमांक 4825-26/रे.रे./2016 धार दिनांक 11.04.2016.,स्मरण पत्र क्रमांक 5155-56 /रे.रे /2016 धार, दिनांक 23.04.2016.
3.कलेक्टर जिला धार के पत्र 7712/रे.रे शाखा/2016/ धार, दिनांक 29.06.2016.

....

उपरोक्त विषयांकित सन्दर्भित पत्र एवं स्मरण पत्रो का अवलोकन करें।

2. आयुक्त महोदय इन्दौर संभाग इन्दौर के निर्देशानुसार मिसल बंदोवस्त के रेकार्ड में अंकित शासकीय भूमि जो शासकीय मद मे अंकित है, उनका परीक्षण कर लिया जावें की शासकीय भूमि निजी या किसी अन्य मद में दर्ज तो नही हो गई है। परीक्षणोपरांत चालू खसरे के कालम न. 12 (कैफियत) मे "अहस्तांतरणीय" शब्द किया जाकर वस्तु स्थिति का प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजने हेतू निर्देशित किया गया था, किन्तु लगभग आठ माह की अवधि व्यतीत होने के उपरांत आपकी ओर से प्रतिवेदन प्राप्त नही होना अत्यंत खेद का विषय है।

3. चूंकि आयुक्त महोदय का संदर्भित पत्र समयावधी सूची मे पंजीबंध होकर कलेक्टर महोदय द्वारा उसकी समीक्षा प्रति सप्ताह की जाती है, अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि वांछित प्रतिवेदन 03 दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

5/12/16
डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर, जिला-धार
धार ,दिनांक 05/12/16

पृ.क्रमांक/13957/राज.अभि./2016

प्रतिलिपि :-

1.आयुक्त, इन्दौर संभाग इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2.अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरदारपुर, बदनावर, कुक्षी एवं मनावर की ओर लेख है, कि आयुक्त महोदय व संदर्भित पत्र समयसीमा समीक्षा सूची में अंकित होकर, लगभग आठ माह का समय व्यतीत हो चूका है। अतः कृपया वांछित प्रतिवेदन तहसीलदारो को निर्देशित कर आगामी समयसीमा बैठक के पूर्व भिजवाने का कष्ट करें।
3.श्री...
कार्यालयीन आदेश क्रमांक 4825-26/रे.रे./2016 धार, दिनांक 11.04.2016. के परिपेक्ष मे सूचनार्थ एवं पालनार्थ (अनु क्र. 3 हेतु आदेश दिनांक 11.04.2016.की प्रति संलग्न है।)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर, जिला-धार

D:\OFFICE DOC\Sisodiya ji\sisodiya ji.docx

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner